**खबर संक्षेप**

## प्लाट दिलाने के नाम पर ठगी का आरोप

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र में शिक्षिका ने प्लाट दिलाने के नाम पर रुपये ऐंठने का आरोप लगाया है। मूलरूप से जीरकपुर निवासी पीड़िता ने बताया कि वह चंडीगढ़ में शिक्षिका है। उनकी मुलाकात वर्ष 2019 में प्रतीक और उसकी पत्नी के साथ हुई थी। दंपती ने उनके भाई के साथ भी संपर्क साधा। बाद में उन्होंने गुरुग्राम में प्लॉट दिलाने के नाम पर कई बार में लाखों की रकम उनसे ले ली। उन्हें न प्लॉट दिलाया और न नकदी वापस दी।

## पुलिस का सायरन सुन भागे अपहरण के आरोपी

**सोनीपत।** भिगान स्थित एक होटल पर खाना खाने आए युवक का तीन लोगों पर अपहरण का आरोप लगाया है। आरोप है कि जब वह उन्हें अपनी कार में डालकर ले जाने लगे तो पुलिस गाड़ी के सायरन की आवाज सुनकर उन्हें फेंक कर चले गए। मामले में पीड़ित ने मुरथल थाने में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सोनीपत के सेक्टर-15 निवासी पुनीत ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह खाना खाने के लिए 17-18 मई की रात डेढ़ बजे होटल पर गए थे। वहां से मनजीत और उसके साथी उनसे कहासुनी करने लगे। उन्होंने मनजीत के भाई रवि को कॉल करके होटल में मंजीत के शराब पीकर हुड़दंग मचाने की जानकारी दीं। थोड़ी देर में रवि अपने साथ अनित को लेकर आया। साथ ही हाथापाई की और कार में डाल लिया। एक ने पिस्तौल निकालकर उनकी छाती से लगा दी।

### युवा पहलवान ने महाराष्ट्र में जीता प्रतिष्ठित खिताब

# हिंद केसरी का खिताब जीतकर लौटीं काजल का भव्य स्वागत

**प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की विजेता बनने पर काजल को पुरस्कार के रूप में एक कार और चांदी की गदा भेंट की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



**सोनीपत।** काजल का स्वागत करते मेयर राजीव जैन साथ में अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

सोनीपत के सेक्टर-23 की रहने वाली युवा पहलवान काजल ने महाराष्ट्र में आयोजित तीन दिवसीय भारतीय स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में हिंद केसरी का खिताब अपने नाम कर देश भर में जिले का नाम रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की विजेता बनने पर काजल को पुरस्कार के रूप में एक कार और चांदी की गदा भेंट की गई है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद सोनीपत पहुंचने पर मेयर राजीव जैन ने काजल का जोरदार स्वागत किया और उन्हें इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई दी। मूल रूप से लाठ गांव की रहने वाली काजल की यह सफलता क्षेत्र के खेल प्रेमियों के लिए एक बड़ा उत्सव बनकर सामने आई है।

एक साधारण परिवार से संबंध रखने वाली काजल की सफलता के पीछे कड़ा संघर्ष और अटूट हौसला छिपा है। उनके पिता पेशे से टैक्सी चालक हैं और बेहद सीमित संसाधनों के बीच उन्होंने अपनी बेटी के सपनों को उड़ान दी। काजल ने मात्र नौ वर्ष की आयु में ही अखाड़े की मिट्टी थाम ली थी। उनके इस सफर में उनके चाचा कृष्ण पहलवान की अहम भूमिका रही, जिन्होंने काजल को कुश्ती के दांव-पेच सिखाए और हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया। परिवार के इसी सहयोग और मार्गदर्शन के दम पर काजल ने आज राष्ट्रीय स्तर पर यह मुकाम हासिल किया है।

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमका चुकी नाम**

काजल की खेल उपलब्धियों का ग्राफ बेहद शानदार रहा है। वह बुल्गारिया के समोकोव में आयोजित अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के 72 किलोग्राम भार वर्ग में चीन की यूकी लियू को 8-6 से हराकर स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। इसके अलावा वर्ष 2024 की अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप में भी उन्होंने देश की झोली में गोल्ड मेडल डाला था। अब तक 16 बार भारत केसरी का खिताब अपने नाम कर चुकीं काजल का अगला मुख्य लक्ष्य वर्ष 2028 के ओलंपिक खेलों में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतना है।

**मेयर राजीव जैन ने सराहा**

काजल के सोनीपत पहुंचने पर मेयर राजीव जैन ने उनका नागरिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश में खेल और बेटियों को बढ़ावा देने वाली नीतियों के सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर दिखाई दे रहे हैं। बेटियां खेल, शिक्षा सहित हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने काजल को आने वाली पीढ़ी के लिए एक बड़ी प्रेरणा बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि ऐसी प्रतिभाएं देश का गौरव हैं।

# नागरिकों ने नाना साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

- प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के शिल्पकार थे नाना साहब पेशवा : डॉ. सुरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



**गोहाना।** नाना साहब पेशवा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते नागरिक।

मंगलवार को पुराना बस अड्डा गोहाना स्थित सत नगर में नाना साहब की 202वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में नागरिकों ने नाना साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा नाना साहब सन 1857 में प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के शिल्पकार और महान योद्धा थे। नाना साहब ने ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ 1857 के भारतीय विद्रोह के दौरान कानपुर की घेराबंदी का नेतृत्व किया और ब्रिटिश सेना को आत्म समर्पण करने के लिए मजबूर कर दिया। जयंती समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी हर भगवान चोपड़ा ने की। उन्होंने कहा नाना साहब कुशल सेनानायक, महान राष्ट्र भक्त और अदम्य साहस वाले व्यक्ति थे। उनका नाम मराठों में छत्रपति शिवाजी महाराज व संभाजी महाराज के बाद पूरे भारत में गूंजता था। इस मौके पर उधम सिंह, सुभाष शर्मा, मनोज सैनी, बलवान सिंह मौजूद थे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में दो सौ से अधिक लोग लाभान्वित

- लेक्स फाउंडेशन ने गांव नकलोई में लगाया 16वां कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा



लेक्स फाउंडेशन द्वारा नकलोई गांव में 16 वां निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सिलाना, बिधलान और नकलोई गांवों के 200 से अधिक ग्रामीणों ने निःशुल्क शुगर, सीबीसी, एचबी और सामान्य शारीरिक जांच का लाभ उठाया और उन्हें निःशुल्क दवाएं दी गईं। लेक्स फाउंडेशन पिछले 10 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से अब तक पांच हजार से अधिक लोगों को लाभान्वित किया है और भविष्य में भी इसे जारी रखते हुए और अधिक लोगों को लाभान्वित करने के प्रति प्रतिबद्ध है। सिलाना स्थित जयनारायण जनता अस्पताल की डॉ. गीतु दहिया और उनके अस्पताल के कर्मचारी इन सभी चिकित्सा शिविरों के आयोजन में सहयोग दे रहे हैं। लेक्स फाउंडेशन के सचिव गजेंद्र राठी व प्रदेश अध्यक्ष विकास दहिया ग्रामीण भारत के लोगों को लाभान्वित करने वाली इस परियोजना का नेतृत्व कर रहे हैं। अगला निःशुल्क मेडिकल हेल्थ कैंप 31 मई को गांव बिधलान में आयोजित किया जाएगा।

### कोर्ट के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेजा

# चोरी की बाइक के साथ आरोपी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। आरोपित गांव नगर निवासी गिन्नी पुत्र सुभाष है। 27 अप्रैल 2026 को राज पुत्र राजेश निवासी गांव कैलाना खास जिला सोनीपत ने थाना शहर गोहाना में मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत दी थी। राज ने अपनी मोटरसाइकिल गोहाना के सामान्य बस अड्डा परिसर में खड़ी की थी जिसे 25 अप्रैल को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। थाना शहर गोहाना की अनुसंधान टीम में नियुक्त मुख्य सिपाही सुमित ने अपनी पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए घटना मे संलिप्त उक्त आरोपित को गिरफ्तार कर लिया और उससे चोरीशुदा मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश करके उसके आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# सीआईए ने मुठभेड़ के बाद बदमाश बांडा को दबोचा

- साथी संजय भी पुलिस की गिरफ्त में सोनीपत में दर्ज लूट के मामले में वांछित




**खरखौदा।** आरोपी का उपचार कराती व जांच करती पुलिस।

**खरखौदा।** थाना सदर सोनीपत में दर्ज लूट के मामले में वांछित आरोपी राजू उर्फ बांडा के साथ मंगलवार रात सीआईए -1 सोनीपत की टीम की मुठभेड़ हो गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी राजू उर्फ बांडा निवासी गांव पहलादपुर किढौली अपने साथी संजय निवासी लाइन पार बहादुरगढ़ के साथ गोरड से फरमाना रोड पर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर इंचार्ज निरीक्षक राजीव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार आरोपी राजू उर्फ बांडा ने अवैध पिस्टल से तीन फायर किए। जवाबी कार्रवाई और आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की फायरिंग में राजू के पैर के टखने के ऊपर गोली लगी, जबकि उसके साथी संजय को मौके पर ही काबू कर लिया गया। मुठभेड़ में पुलिस टीम को किसी प्रकार की हानि नहीं पहुंची।

**पीजीआई खानपुर रेफर**

*आरोपी राजू को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल खरखौदा लाया गया, जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए पीजीआई खानपुर रेफर किया है। पुलिस ने मौके से आरोपी राजू के कब्जे से अवैध पिस्तौल बरामद की है। वहीं संजय से पूछताछ की जा रही है।*

### पैसे को लेकर कहासुनी

# गैर इरादतन हत्या मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

थाना खरखौदा पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रवीन व नवीन गांव पाई के रूप में हुई है। 18 मई को गांव पाई निवासी रोहित ने थाना खरखौदा में शिकायत दी थी। शिकायत कर्ता के अनुसार वह रात करीब 8:30 बजे काम से घर लौट रहा था। रास्ते में प्रवीन की दुकान पर उसकी 1000 से 1500 रुपये की उधारी थी। जब प्रवीन ने पैसे मांगे तो रोहित ने 1-2 दिन का समय मांगा। इस बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि इसके बाद वह ताऊ राजेश के घर चला गया, लेकिन पीछे से प्रवीन, शेर सिंह, नवीन तथा दो महिलाएं लाठी-डंडों के साथ घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान प्रवीन ने उसके पिता का गिरेबान पकड़कर उन्हें खंभे में धक्का मार दिया, जिससे वे नाले में गिर गए। परिजन घायल अवस्था में उन्हें खरखौदा सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# डीएफओ ने डेयरी फार्म संचालक को प्रदान किया 2.77 लाख का चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा



**खरखौदा।** सतप्रकाश को चेक प्रदान करते हुए डीएफओ। *फोटो :हरिभूमि*

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के उपलक्ष्य में वन विभाग एवं हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीएफओ रेनू बाला ने विद्यार्थियों को जैव विविधता व पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि जैव विविधता केवल पेड़-पौधों या जीव-जंतुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि पृथ्वी पर मौजूद सभी प्रकार के जीवन स्वरूप जैव विविधता का हिस्सा हैं। कार्यक्रम में डीएफओ रेनू बाला द्वारा गांव रोहणा स्थित सत्यप्रकाश डेयरी फार्म के किसान को 2 लाख 77 हजार 85 रुपये का चैक वितरित किया गया। किसान द्वारा जैव विविधता संरक्षण एवं पशुधन संवर्धन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करते हुए अपनी डेयरी से 32 कटडियों को सनवेज बायो साइंस कंपनी के सहयोग से दुबई भेजा गया था। इस मौके पर हरियाणा राज्य जैव विविधिता बोर्ड के जिला समन्वयक अधिकारी डॉ श्योप्रसाद, सनवेज बायो साइंस कंपनी के क्वालिटी मैनेजर आदित्य लावनिया, शिव शक्ति स्कूल की प्रिंसिपल भावना सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# रोजगार मेले में 170 युवाओं का विभिन्न कंपनियों में चयन

- खरखौदा आईटीआई में रोजगार मेले में 13 कंपनियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा



**खरखौदा।** मुख्य अतिथि को सम्मानित करते प्रिंसिपल संदीप कुमार।

ट्रोन्टैक इलैक्ट्रोनिक कंपनी के जीएम हरप्रीत सिंह ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को एक ही स्थान पर विभिन्न कंपनियों से जुड़ने और अपनी योग्यता के अनुसार रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलता है। उन्होंने यह बात खरखौदा आईटीआई में आयोजित रोजगार मेले में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करते कही। खरखौदा आईटीआई में आयोजित रोजगार मेले में 13 कम्पनियों ने भाग लिया, जिसमें 352 युवाओं ने पंजीकरण कराया। चयन प्रक्रिया के उपरांत 170 युवाओं का विभिन्न कम्पनियों में चयन किया गया। जीएम हरप्रीत सिंह ने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते कहा कि मेहनत, अनुशासन और कौशल के बल पर युवा अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। प्रिंसिपल संदीप कुमार अहलावत ने रोजगार मेले के सफल आयोजन के लिए आईटीआई स्टाफ एवं भाग लेने वाली कंपनियों की सराहना की।

# शिक्षा और तकनीक का समन्वय समय की आवश्यकताःडॉ. बंसल

- गेटवे कॉलेज में एआई आधारित शिक्षण एवं अधिगम उपकरणों पर प्रशिक्षण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



**सोनीपत।** कार्यशाला में पहुंचें अतिथियों का स्वागत करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

गेटवे कॉलेज में एआई आधारित शिक्षण एवं अधिगम उपकरणों पर तीन घंटे की विशेष शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना था। इसमें करनाल, पानीपत, समालखा, गनौर, नरेला और सोनीपत सहित विभिन्न क्षेत्रों से करीब 40 शिक्षकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य संसाधन व्यक्ति एवं एआई टूल विशेषज्ञ अमर झा ने शिक्षकों को एआई आधारित शिक्षण उपकरणों, कंटेंट निर्माण, स्मार्ट क्लासरूम, प्रेजेंटेशन डिजाइन और प्रश्नपत्र निर्माण से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने लाइव डेमो के माध्यम से कई डिजिटल टूल्स का प्रदर्शन भी किया। गेटवे कॉलेज के एडमिशन डायरेक्टर एवं करियर कोच डॉ. मोहित बंसल ने कहा कि शिक्षा और तकनीक का समन्वय समय की आवश्यकता है। वहीं निदेशक डॉ. (कर्नल) अमिक गर्ग ने कहा कि एआई का सही उपयोग शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है।



**सोनीपत।** बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

## शिकायतों के समाधान में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**सोनीपत।** उपायुक्त नेहा सिंह ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि सीएम विंडो के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। मंगलवार को लगातार दूसरे दिन लघु सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को लंबित शिकायतों का जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिन विभागों ने शिकायतों के समाधान के बाद भी पोर्टल पर एटीआर अपलोड नहीं की है, वे तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीएम विंडो शिकायतों की अंडरटेकिंग लंबित रखने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होंने यूएलबी, पंचायत विभाग, आईसीडीएस सहित अन्य विभागों को लंबित मामलों का शीघ्र समाधान कर एटीआर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, जेसीएमसी मीतू धनखड़, सीटीएम सिमरन, डीआरओ सुशील शर्मा, डीडीपीओ मनीष मलिक आदि मौजूद रहे।

### गीता विद्या मंदिर की शिशुवाटिका में रूप सज्जा स्पर्धा

# नन्हे-मुन्नों ने सुंदर प्रस्तुतियों से मोहा मन

**प्रतियोगिता में 54 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



**गोहाना।** प्रतियोगिता में विजेता घोषित नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ।

गीता विद्या मंदिर गोहाना की शिशु वाटिका में मंगलवार को अरुण कक्षा के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की। प्रतियोगिता में 54 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता करते महान देशभक्तों, वीर सैनिकों एवं वीरांगनाओं के रूप में अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। प्रतियोगिता में शिशुवाटिका के विद्यार्थी रानी लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, शिवाजी, सुभाषचंद्र बोस एवं अन्य प्रेरणादायी महानायकों के रूप में सजे दिखाई दिए। बच्चों की मनोहारी वेशभूषा, आत्मविश्वास एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंगों से सराबोर कर दिया।

**किया सम्मानित**

*कार्यक्रम का सफल संयोजन अरुण कक्षा की आचार्या रीना शर्मा, पूजा सैनी एवं रितु शर्मा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विजेता घोषित विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।*



**गोहाना।** पोस्टर के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को दर्शाते छात्राएं।

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता से नशे के दुष्प्रभाव बताए

**गोहाना।** राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना में मंगलवार को नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को दर्शाया। प्रतियोगिता के मुख्य उद्देश्य छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक करना था। प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी सांगवान ने कहा कि विद्यार्थी नशे के दुष्परिणामों को लेकर खुद भी जागरूक बनें और अपने परिवार व मित्रों को भी जागरूक करें। आज युवाओं में नशे की लत एक गहन चिंता का विषय है। नशे का सेवन युवाओं के जीवन को बर्बाद कर देता है। समाज को नशे के चंगुल से मुक्त करना हर व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। इस अवसर पर डॉ. एकता वशिष्ठ के अलावा अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद अतिथि साथ में कुलपति।

### डीसीआरयूएसटी में स्टार्टअप और इनक्यूबेशन को बढ़ावा देने पर मंथन

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में इनक्यूबेशन सेंटर के लिए नई कंपनी स्थापित करने को लेकर समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य कंपनी के नियम और विनियम तैयार करना तथा इनक्यूबेशन सेंटर के लिए धन जुटाने की संभावनाओं पर विचार करना था। बैठक में दिल्ली विश्वविद्यालय के संयुक्त सीईओ डॉ. अभिषेक टंडन, वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार, दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर निदेशक डॉ. गिरीश कुमार, इंक्यूबेशन इंचार्ज डॉ. दिनेश सिंह, प्रो. प्रदीप शर्मा और डॉ. कृष्ण कुमार मौजूद रहे।

### स्क्रैप गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान

**गन्नौर ।** गन्नौर-कामी रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास एक स्क्रैप गोदाम में अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई। आग लगने से गोदाम में रखा गत्ता, लोहे का सामान, पीवीसी सामग्री और केमिकल के कट्टे सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। घटना में भारी आर्थिक नुकसान होने की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार कामी रोड पर पेट्रोल पंप के पास स्थित श्री खाटू श्याम इंटरप्राइजेज के स्क्रैप गोदाम से अचानक धुआं और आग की लपटें उठनी शुरू हो गईं। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई दिया, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई। गोदाम संचालक अभिषेक जैन ने तुरंत इसकी सूचना कंट्रोल रूम और दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक गोदाम में रखा अधिकांश सामान पूरी तरह जल चुका था। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। गोदाम संचालक ने आग से हुए भारी नुकसान को देखते हुए सरकार और प्रशासन से आर्थिक सहायता व मुआवजे की मांग की है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## सफाई कर्मचारियों ने सरपंचों पर लगाया मनमानी का आरोप

# मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी

समाधान के लिए दोपहर एक बजे बीडीपीओ सुरेंद्र आर्य की अध्यक्षता में बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में हड़ताल पर बैठे खरखौदा ब्लॉक के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन जारी है। खंड स्तर समस्याओं के समाधान के लिए दोपहर एक बजे बीडीपीओ सुरेंद्र आर्य की अध्यक्षता में मीटिंग हुई। जिसमें बीडीपीओ द्वारा आश्वासन दिया गया है कि कर्मचारियों की ब्लॉक स्तर की समस्याओं का जल्द ही समाधान कर दिया जाएगा। मीटिंग में कर्मचारी नेता रोहतास, चांद, सीटू जिला सचिव सुनीता व ब्लॉक प्रधान रेखा सोनिया मीणा शामिल रहे। हड़ताल कर रहे कर्मचारियों ने बताया की गांव में सफाई के कार्य को करने में अनेकों तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अभी भी गांव के सरपंचों द्वारा सफाई कर्मचारियों से मनमाने तरीके से कार्य करवाए जाते हैं अगर सफाई कर्मचारी सरपंच के कहे अनुसार कार्य नहीं करते हैं तो सरपंच द्वारा उनकी हाजिरी काट दी जाती है और ब्लॉक में झूठी शिकायत देकर वेतन काट दिया जाता है। कर्मचारी को नौकरी से हटाने की धमकी दी जाती है। कई कर्मचारियों को अलग-अलग समय पर नौकरी से हटाया गया है। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने सरकार से मांग कि निष्पक्षता से हटाए गए कर्मचारियों की सूची तैयार करवाई और कमेटी बनाकर हटाने के कर्म का पता लगाया जाए और कर्मचारी के साथ न्याय किया जाए। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन सरकार से मांग करती है कि कर्मचारियों की मांगों का जल्द से जल्द वार्ता करके समाधान किया जाए ताकि गांव में सफाई का कार्य हो सके अगर सरकार वार्ता के द्वारा समाधान नहीं करेगी तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के आंदोलन को समर्थन के सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक कमेटी खरखौदा के प्रधान प्रतीक व अन्य कर्मचारियों ने समर्थन किया।



खरखौदा। बीडीपीओ से वार्ता करते कर्मचारी नेता। फोटो : हरिभूमि

### मांगों को लेकर धरने पर डटे सफाई कर्मचारी

गोहाना। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा के आह्वान पर चली रही हड़ताल के दौरान मंगलवार को मुंडलाना खंड के सफाई कर्मियों ने जींद रोड स्थित बीपीडीओ कार्यालय के सामने धरना दिया। अध्यक्षता खंड के अध्यक्ष सतबीर ने की और संचालन उपाध्यक्ष आजाद ने किया। यूनियन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार टोकी ने कहा कि भाजपा सरकार वादे के अनुसार कच्चे सफाई कर्मियों को पक्का करे। रिक्त पदों पर सफाई कर्मियों की नियुक्ति की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वेतन में 21 सौ रुपये बढ़ोत्तरी करने की घोषणा की थी, जो अब तक पूरी नहीं की गई है। 400 की आबादी पर एक सफाई कर्मी की भर्ती की जाए और न्यूनतम 27 हजार रुपये मासिक वेतन लागू किया जाए। इसके साथ किसी कर्मी के साथ दुर्घटना या मृत्यु होने पर परिवार को उचित मुआवजा देने के साथ एक सदस्य को नौकरी दी जाए। अगर समय रहते सरकार ने मांगों को पूरा नहीं किया तो 24 और 25 मई को कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के नरवाना स्थित कार्यालय के सामने राज्य स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा।



सोनीपत। लघु सचिवालय में विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

### ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल 20 तक बढ़ी

**सोनीपत।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी हरियाणा संबंधित सीटू के आह्वान पर कर्मचारियों की हड़ताल 20 मई 2026 तक बढ़ा दी गई है। कर्मचारी विभिन्न ब्लॉक मुख्यालयों पर धरना दे रहे हैं। मंगलवार को सोनीपत और गन्नौर ब्लॉक के कर्मचारियों ने डीसी कार्यालय के बाहर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक धरना दिया। धरने की अध्यक्षता गन्नौर ब्लॉक प्रधान देवेंद्र ने की, जबकि संचालन विजेंद्र ने किया। धरने को संबोधित करते हुए सीटू नेता कामरेड श्रद्धानंद सोलंकी, सिलक राम मलिक, कपिल, सचिन, अमन और सीटू की जिला सचिव सुनीता ने कहा कि सरकार लंबे समय से ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले के अनुसार 10 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को पक्का करने, पक्का होने तक 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन लागू करने, सफाई उपकरण उपलब्ध कराने, पुरानी ई-रिक्शा बदलवाने तथा चार्जिंग सुविधा देने की मांग उठाई। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा।



सोनीपत। बतरा कॉलोनी में निरीक्षण के लिये पहुंचें मेयर राजीव जैन साथ में पार्षद।

# मेयर पहुंचे बतरा कॉलोनी ठेकेदार को लगाई फटकार

- औचक निरीक्षण करने पहुंचें थे मेयर राजीव जैन, गली को सिरे से उखड़वाकर फिर से बनवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नवनिर्वाचित मेयर राजीव जैन ने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए हैं कि सोनीपत नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने सोमवार शाम स्थानीय पार्षद संजीव वलेचा के साथ शहर के बत्रा कॉलोनी में चल रहे गली निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गली का लेवल ठीक नहीं पाया। गली निर्माण में बरती गई लापरवाही पर उन्होंने सख्ती दिखाते हुए ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने मौके पर ही गली को उखड़वाकर दोबारा फिर से बनाने के लिए कहा। जिसके बाद कार्रवाई से ठेकेदार ने फौरन जेसीबी मशीन लगाकर गली उखड़वाया और साथ ही गली का फिर से निर्माण शुरू कर दिया। दरअसल बत्रा कॉलोनी के लोगों ने नवनिर्वाचित मेयर राजीव जैन से गली निर्माण में बरती जा रही लापरवाही को लेकर शिकायत की। जिसके बाद राजीव जैन पार्षद संजीव वलेचा के साथ मौके पर पहुंचे। राजीव जैन ने निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के प्रति अधिकारियों व ठेकेदारों को आगाह किया कि निर्माण कार्य हर हाल में समय अवधि में पूरे किए जाएं तथा गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोई कमी न हो। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुविधा से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंगलवार को राजीव जैन ने डिस्पोजल की लाइन फटने के कारण सारंग रोड अंडर ब्रिज के नीचे पानी भरने की समस्या के समाधान के लिए भी पार्षद संजीव वलेचा के साथ मौका देखा। उन्होंने सफाई कर्मचारी बुलाकर सीवरेज के ढक्कन हटवाए जिससे सड़क पर खड़ा गंदा पानी तेजी से निकलना शुरू हो गया।

# पावर ग्रिड परियोजना के लिए मुआवजा दरें तय, किसानों ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

उपमंडल कार्यालय खरखौदा में नरेला-सीकर पावर ग्रिड परियोजना के तहत जमीनों के मुआवजे की दरें तय करने को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम अमित कुमार ने की। इस दौरान किसानों और किसान प्रतिनिधियों की मौजूदगी में लॉटरी सिस्टम के माध्यम से मुआवजा राशि निर्धारित की गई। खरखौदा उपमंडल के गांव पहलादपुर, कुंडल, सोहटी और निजामपुर खुर्द की कृषि भूमि से होकर पावर ग्रिड लाइन गुजरेगी, जहां बिजली के टावर लगाए जाएंगे। इसके लिए टावर क्षेत्र में आने वाली जमीनों के मुआवजे की राशि तय की गई। बैठक में विभिन्न वैल्यूअर द्वारा दिए गए रेट के आधार पर औसत प्रक्रिया अपनाते हुए मुआवजा राशि निर्धारित की गई। तय की गई राशि के अनुसार गांव प्रहलादपुर की जमीन का मुआवजा 4,08,33,500 रुपए प्रति एकड़, गांव कुंडल का 2,93,75,000 रुपए प्रति एकड़, गांव सोहटी का 4,50,41,666 रुपए प्रति एकड़ तथा गांव निजामपुर खुर्द का 4,62,75,000 रुपए प्रति एकड़ निर्धारित किया गया। एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ किसानों एवं उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में संपन्न कराई गई।



खरखौदा। . ड्रॉ की पर्ची निकालकर एसडीएम को देते किसान।

### एक माह बाद भी नहीं मिला लपता छात्र

**गन्नौर।** गन्नौर के सैनी मोहल्ला वार्ड नंबर-9 निवासी 15 वर्षीय छात्र शिवम कुमार करीब एक माह से लापता है। मामले में 19 अप्रैल को गन्नौर थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक बच्चे का कोई सुराग नहीं लग पाया है। पिता धनंजय कुमार सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा शिवम कुमार दसवीं कक्षा पास करने के बाद नगरपालिका रोड स्थित कन्या स्कूल में 11वीं कक्षा में दाखिला लिया था। 19 अप्रैल की शाम करीब पांच बजे वह घर से खेलने के लिए निकला था, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से बच्चे की जल्द तलाश कर सुरक्षित बरामद करने की मांग उठाई है। वहीं गन्नौर थाना पुलिस का कहना है कि मामले में जांच जारी है और बच्चे की तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

# महंगाई के विरोध में 25 मई को एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करेगी भाकपा

- केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आम जनता पर लगातार महंगाई का बोझ : सत्येंद्र गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की गन्नौर एरिया कौंसिल की बैठक गांव दातौली में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ओमबीर गोस्वामी ने की, जबकि संचालन एरिया सचिव सतबीर कश्यप ने किया। बैठक में बढ़ती महंगाई और क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पेट्रोल, डीजल, घरेलू गैस और दूध के दामों में बढ़ोतरी के विरोध में 25 मई को गन्नौर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम उपमंडल अधिकारी को मांगपत्र सौंपा जाएगा। सीपीआई के प्रदेश सह सचिव सत्येंद्र गिरी एडवोकेट ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आम जनता पर लगातार महंगाई का बोझ बढ़ता जा रहा है। बैठक में गन्नौर में गीता जयंती एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित करने, यमुना खादर क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने, क्षेत्र की जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने, जरूरतमंद ग्रामीण मजदूरों को रिहायशी प्लॉट देने तथा गन्नौर फ्लाईओवर के नीचे सार्वजनिक शौचालय बनवाने जैसी मांगों को भी प्रमुखता से उठाया गया। बैठक में कृष्ण गिरी, शिव गिरी, अशोक कुमार, राकेश कुमार, प्रीतम कश्यप, प्रिंस कुमार और रमेश गिरी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



गन्नौर। सीपीआई के प्रदेश सह सचिव सत्येंद्र गिरी एडवोकेट बैठक को संबोधित करते हुए।

### आग की सूचना पर जा रही डायल-112 ईआरवी स्कूल बस से टकराई, तीन पुलिसकर्मी घायल

**सोनीपत।** सोनीपत के राई क्षेत्र में आग लगने की सूचना पर मौके के लिए रवाना हुई डायल-112 ईआरवी सड़क हादसे का शिकार हो गई। झुंडपुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित कृष्णा धर्म कांटा के पास निजी स्कूल बस और पुलिस वाहन की टक्कर में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डायल-112 वाहन चालक सिपाही सुहैब खान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह इंचार्ज रमेश कुमार और एसपीओ जयसिंह के साथ ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान झुंडपुर क्षेत्र में आग लगने की सूचना मिलने पर टीम तुरंत रवाना हुई। आरोप है कि कृष्णा धर्म कांटा के पास पहुंचने पर सामने से आ रही स्कूल बस के चालक ने अचानक बिना संकेत दिए वाहन मोड़ दिया, जिससे टक्कर हो गई। हादसे में ईआरवी का अगला शीशा टूट गया, जबकि स्कूल बस का बंपर क्षतिग्रस्त हो गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# वार्ड-13 में नीचे लटक रही इंटरनेट केबल बनी हादसों का कारण, पार्षद ने नगर पालिका को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नगर पालिका गन्नौर के वार्ड नंबर-13 में इंटरनेट और केबल तारों के नीचे लटकने से हादसों की आशंका बढ़ गई है। समस्या को लेकर वार्ड पार्षद राजेश शर्मा ने नगर पालिका सचिव को शिकायत देकर जल्द कार्रवाई की मांग की है। पार्षद राजेश शर्मा ने कहा कि उनके वार्ड के अलावा कई गलियों में वाईफाई और केबल की तारें काफी नीचे लटकी हुई हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।


पार्षद राजेश शर्मा ने सचिव को दिए पत्र में बताया कि वार्ड के विभिन्न हिस्सों में इंटरनेट सेवा प्रदाताओं और केबल संचालकों की तारें लोगों के घरों और गलियों के बीच बेहद नीचे तक झूल रही हैं। कई बार संबंधित ऑपरेटरों को तारें ऊपर करने के लिए कहा गया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक खतरा मोटरसाइकिल चालकों और राहगीरों को बना हुआ है। कई स्थानों पर तारें इतनी नीचे हैं कि वाहन चालकों की गर्दन तक फंस सकती हैं, जिससे गंभीर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से मांग की कि किसी अप्रिय घटना से पहले संबंधित कंपनियों और ऑपरेटरों को नोटिस जारी कर तारों को व्यवस्थित कराया जाए। साथ ही सभी केबलों को सुरक्षित ऊंचाई पर लगाने के निर्देश दिए जाएं, ताकि आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े।



गन्नौर। वार्ड नंबर-13 में इंटरनेट और केबल तारों के नीचे लटकते दिखाते हुए वार्ड पार्षद राजेश शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### फार्मेसी की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं हुईं शुरू

**सोनीपत।** पंडित बीडी शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, रोहतक की ओर से संचालित बैचलर ऑफ फार्मेसी (बी.फार्मेसी) पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गई। पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ, कामी रोड परिसर में स्थित पूर्ण मूर्ति कॉलेज ऑफ फार्मेसी में बनाए गए परीक्षा केंद्र में सोनीपत के आठ कॉलेजों के 300 से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी । पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा संचालन प्रक्रिया में शामिल यूनिवर्सिटी व कॉलेज की टीमों ने नकल रहित परीक्षा संचालन के लिए सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली थी। पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ के चेयरमैन डा.विजयपाल नैन ने कहा कि नकल रहित परीक्षा संचालन को लेकर परीक्षा केंद्र में पुख्ता व्यवस्था किए गए हैं । सीसीटीवी कैमरे से भी कड़ी निगरानी की जा रही है। इस मौके पर उनके साथ सचिव गौतम नैन, प्रबंधक निदेशक कपिल भाटिया, एमडी संदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा.स्वीटी, परिसर निदेशक कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू, फार्मेसी कॉलेज की डायरेक्टर डा.सुनीता, डा.सुमिता आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। पूर्णमूर्ति कॉलेज ऑफ फार्मेसी में बनाए गए परीक्षा केंद्र में बी .फार्मेसी पहले सेमेस्टर की परीक्षा देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### लिंगानुपात में गिरावट पर एसएमओ सस्पेंड

**गन्नौर।** पुरखास सीएचसी में लगातार गिरते लिंगानुपात को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गन्नौर उपमंडल अस्पताल की एसएमओ डा. टीना आनंद को निलंबित कर दिया है। विभाग ने लिंगानुपात सुधार अभियान की निगरानी में लापरवाही और अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने को कार्रवाई का कारण बताया है। स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा की ओर से जारी आदेश में डा. टीना आनंद के खिलाफ विभागीय जांच शुरू करने के निर्देश भी दिए गए हैं। निलंबन के दौरान उन्हें सिविल सर्जन कार्यालय रोहतक में अटैच किया गया है। डा. टीना आनंद के पास गन्नौर उपमंडल अस्पताल के साथ बेगा, दातौली और आहुलाना पीएचसी का कार्यभार भी है।

## नागरिक अस्पताल में ही मिल सकेगी केएफटी व एलएफटी लैब की सुविधा

# रक्त के नमूनों की जांच कराने बाहर भेजने से मिलेगी मुक्ति

नागरिक अस्पताल में केमिकल रिजेंट उपलब्ध, 2 माह से मरीज व चिकित्सक हो रहे थे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल में केमिकल रिजेंट आने के बाद लीवर फंक्शन टेस्ट (एलएफटी), किडनी फंक्शन टेस्ट (केएफटी) प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। अस्पताल में केमिकल रिजेंट का अभाव होने से मरीजों को दो माह से जांच न होने के कारण परेशानी झेलनी पड़ रही थी। इस दौरान एलएफटी व केएफटी कराने के लिए मरीजों को निजी लैब पर निर्भर होने के साथ आर्थिक खर्च झेलना पड़ रहा था। प्रबंधन की मानें तो केमिकल रिजेंट खत्म होने से नागरिक अस्पताल की लेबोरेट्री में मरीजों की खून संबंधी जांच नहीं हो पा रही थी। मरीजों को शुगर, किडनी, लीवर, हार्ट व अन्य कई जांच के लिए निजी लैब का सहारा लेना पड़ रहा था। निजी लैब पर रक्त के नमूनों की जांच कराने के लिए मरीजों को अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही थी। अस्पताल में रक्त जांच प्रभावित होने के चलते मरीज परेशान नजर आ रहे थे। टेस्ट के अभाव से चिकित्सकों के लिए भी मरीजों का इलाज करना चुनौतीपूर्ण बनता जा रहा था। बता दें कि अस्पताल में रोजाना करीब 1800 से ज्यादा मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें से करीब 300 मरीजों को चिकित्सकों की ओर से रक्त संबंधी जांच का परामर्श दिया जाता है। प्रत्येक मरीज के रक्त के छह से सात नमूने होते हैं। लेबोरेट्री में लैब तकनीशियन की ओर से 1500 से 2000 टेस्ट किए जाते हैं। ऐसे में मरीजों के साथ चिकित्सक भी जांच न होने संबंधी परेशानी से जूझ रहे थे।



सोनीपत। दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल।

### लैब में प्रक्रिया हुई शुरू

नागरिक अस्पताल में केमिकल रिजेंट की व्यवस्था होने के बाद केएफटी व एलएफटी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अब मरीजों को रक्त के नमूनों की जांच बाहर निजी लैब पर कराने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

-डॉ. प्रिया भारद्वाज, प्रयोगशाला इंचार्ज, नागरिक अस्पताल, सोनीपत

## खबर संक्षेप

### छेड़छाड़ मामले में दूसरा आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** पुलिस ने युवती के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान राजेश निवासी गांव मुंढ़ाल कलां, जिला भिवानी के रूप में हुई है। थाना मुरथल में 23 फरवरी 2026 को एक युवती ने शिकायत देकर बताया था कि सूरज ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया, जबकि राजेश ने उसके साथ छेड़छाड़ की। शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

### घर में घुसकर मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**सोनीपत।** पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान कुलदीप निवासी गांव हसनपुर के रूप में हुई है। थाना मुरथल में 18 मई 2026 को एक महिला ने शिकायत देकर बताया था कि शाम करीब साढ़े छह बजे कुलदीप अपने परिवार के सदस्यों के साथ उसके घर पहुंचा और परिवार के लोगों के साथ मारपीट की।

### अवैध शराब बेचने के मामले में आरोपी काबू

**सोनीपत।** पुलिस ने अवैध शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 120 अध्धे देशी शराब बरामद की है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान जोगिन्द्र निवासी गांव अटेरना के रूप में हुई है। थाना कुंडली पुलिस को 18 मई 2026 को सूचना मिली थी कि गांव अटेरना में चौहान चौपाल के पास स्थित परचून की दुकान पर अवैध शराब बेची जा रही है। सूचना के बाद उप निरीक्षक नवीन अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां दुकान के काउंटर के पास रखी गत्ते की पेटियों की जांच की गई तो उनमें 120 अध्धे देशी शराब मिले।

## भीषण गर्मी से अधिकतम तापमान 44 डिग्री पहुंचा, 23 मई तक येलो अलर्ट जारी

**तीखे हुए गर्मी के तेवर**

# विद्यालयों में पेयजल के लिए 3 बार बजेगी घंटी, ओआरएस का रखना होगा प्रबंध

*विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने बढ़ती गर्मी को देख जिला शिक्षा अधिकारियों को दिए विद्यालयों में हिदायत बरतने के निर्देश विद्यार्थियों को गर्मी व लू से बचाने के लिए शिक्षा विभाग भी पूरी तरह से हुआ एक्टिव, खिड़कियों को पर्दों से ढकने के निर्देश, अब खुली धूप में आयोजित नही होगा कोई कार्यक्रम, जिला शिक्षा विभाग ने विद्यालयों को जारी की गाइडलाइन*

### प्रभावित हुआ जनजीवन, सुबह से ही लू के थपेड़ों की मार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

सूर्य के तल्ख तेवरों व लू के थपेड़ों ने दिल्ली-एनसीआर में पारा बढ़ा दिया है। गर्मी के तेवरों का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मंगलवार को सुबह ही तेज चिलचिलाती धूप खिलने से दिन का अधिकतम तापमान बढ़कर 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सरगथल विज्ञान केंद्र के अनुसार बुधवार को भी सोनीपत जिलावासियों को गर्मी के तेवर झेलने पड़ेंगे। जिले में 23 मई तक येलो अलर्ट जारी रहेगा। उधर विद्यार्थियों को डीहाईड्रोशन से बचाने के लिए विद्यालयों में अब पेयजल के लिए तीन बार घंटी बजेगी। साथ ही विद्यालय प्रबंधकों को ओआरएस का उचित प्रबंध रखना होगा।

विद्यार्थियों को लू व गर्मी की विभिषिका से बचाने के लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने जिला शिक्षा अधिकारी को गाइडलाइन जारी की है। जिसके अंतर्गत दिन में कम से कम तीन बार विद्यार्थियों को पानी पीने के लिए समय दिया जाएगा। बता दें कि मौजूदा समय में तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मई माह के तीसरे सप्ताह में ही तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया है। यही नहीं, लू के थपेड़ों से लोगों का हाल बेहाल है। ऐसे में विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को गर्मी व लू से बचाने के लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने जिला शिक्षा विभाग को पूरी तरह अलर्ट रहने की हिदायत दी है। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।




**सोनीपत।** सेक्टर-12 में भीषण गर्मी के चलते दुपट्टे से मुंह ढककर जाती युवतियां, सुभाष चौक पर भीषण गर्मी व लू के चलते दुपट्टे से सिर व मुंह ढककर जाती युवतियां।

### खुले मैदान व धूप में नहीं होगी प्रार्थना व कार्यक्रम

निदेशालय के निर्देशानुसार गर्मी के चलते विद्यालयों में प्रार्थना व अन्य कोई भी कार्यक्रम खुले मैदान व धूप में आयोजित नही करने की हिदायत है। कक्षा कक्ष के बाहर होने वाली बाहरी गतिविधियों को जहां तक संभव हो सकेगा, सुबह 18 बजे से पहले ली करवाया जाएगा। इसके अलावा विद्यार्थियों को खुले स्थानों पर धूप में नहीं बैठाया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन व शिक्षक रोजाना विद्यार्थियों को गर्मी से बचने के उपायों से अवगत कराएंगे। आवश्यकता पड़ने पर इस कार्य में आयुष विभाग से भी मदद ली जा सकेगी। गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक विद्यालय को आपात स्थिति के संदर्भ में स्थानीय अस्पताल से संपर्क स्थापित करने होंगे। स्कूल स्टाफ व विद्यार्थियों को आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

### रेडक्रॉस या निजी फंड से होगा ओआरएस का स्टॉक

विद्यार्थियों के गर्मी व लू से बचाव के लिए निदेशालय ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक विद्यालय में रेडक्रॉस फंड, अन्यथा निजी फंड से पर्याप्त मात्रा में ओआरएस स्टॉक का प्रबंध करना अनिवार्य रहेगा। इसके अलावा विद्यालय के कक्षा कक्ष की खिड़कियों को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी, गत्ते या पर्दों से ढककर रखना होगा, ताकि बाहर की गर्मी को अंदर जाने से रोकने में मदद मिल सके। इसके अलावा विद्यार्थियों को बंद वाहन में अकेले न छोड़ने की भी हिदायत दी गई है।

### विद्यालयों को दिए निर्देश

बढ़ती गर्मी के साथ तापमान में बढ़ोतरी होना शुरू हो गया है। ऐसे में विद्यार्थियों को गर्मी व लू से बचाने के लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने पर्याप्त कदम उठाने के दिशा-निर्देश दिए हैं। सभी विद्यालय प्रबंधकों को स्कूलों में पर्याप्त व स्वच्छ जल की उपलब्धता, कक्षाओं की खिड़कियों को ढकने, बच्चों को धूप में न बैठाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके अलावा विद्यार्थियों को लू से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।
**-नवीन गुलिया,** जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

### क्या करें

- ▸▸ अधिक से अधिक पानी एवं तरल पदार्थों का सेवन करें।
- ▸▸ घर से निकलते समय सिर को कपड़े, टोपी या छाते से ढकें।
- ▸▸ हल्के रंग के सूती एवं ढीले कपड़े पहनें।
- ▸▸ नींबू पानी, छाछ एवं फलों के रस का सेवन करें।
- ▸▸ बच्चों, बुजुर्गों एवं बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें।
- ▸▸ धूप में कार्य करने वाले लोग समय पर छांव में आराम करें।
- ▸▸ शरीर में कमजोरी, चक्कर या अत्यधिक प्यास महसूस होने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

### क्या न करें

- ▸▸ दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकलें।
- ▸▸ खाली पेट घर से बाहर न जाएं।
- ▸▸ अधिक गर्म एवं बंद वाहनों में बच्चों या बुजुर्गों को अकेला न छोड़ें।
- ▸▸ अत्यधिक गर्मी में ज्यादा मेहनत वाले कार्य लगातार न करें।
- ▸▸ शराब, अत्यधिक चाय, कॉफी एवं कार्बोनेटेड ड्रिंक्स का अधिक सेवन न करें।
- ▸▸ खराब या खुले में रखे खाद्य पदार्थों का सेवन न करें।
- ▸▸ शरीर में तेज बुखार, उल्टी, बेहोशी या सांस लेने में दिक्कत होने पर लापरवाही न बरतें।

## हीट वेव से निपटने को प्रशासन तैयार, अस्पतालों में दवाएं एंबुलेंस सेवाएं सक्रिय रखने के निर्देश

- उपायुक्त नेहा सिंह ने सभी विभागों को हीट वेव प्रबंधन एवं राहत कार्यों को लेकर जारी किए दिशा-निर्देश
- अस्पतालों, विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, लोगों को सावधानी बरतने की दी हिदायत

**सोनीपत।** प्रदेश में लगातार बढ़ते तापमान व आगामी दिनों में संभावित हीट वेव की स्थिति को देखते हुए प्रशासन तैयार है। उपायुक्त नेहा सिंह ने आमजन के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी विभागों को हीट वेव से बचाव एवं राहत कार्यों के लिए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सरकार एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से गाइडलाइन के अनुसार आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को जिले के सभी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त दवाइयों, ओआरएस पैकेट, बर्फ, पेयजल, कूलर एवं बिजली बैकअप की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। हीट स्ट्रोक से प्रभावित मरीजों के उपचार के लिए विशेष वार्ड एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रखने को कहा गया है। साथ ही एंबुलेंस सेवाओं को पूरी तरह सक्रिय रखने तथा चिकित्सकीय स्टाफ को हीट वेव से संबंधित बीमारियों के उपचार के लिए प्रशिक्षित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। शिक्षा विभाग को स्कूलों में विद्यार्थियों की सुरक्षा, पर्याप्त पेयजल, वेंटिलेशन एवं पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित करने, अत्यधिक गर्मी के दौरान बाहरी गतिविधियों को सीमित रखने की बात कही। अध्यापकों को भी बच्चों में हीट स्ट्रोक या डिहाइड्रेशन के लक्षणों पर नजर रखने के निर्देश दिए। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नगर निगम, नगर पालिकाओं एवं पंचायत विभागों को बस अड्डों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पेयजल, छायादार स्थान एवं अस्थायी राहत केंद्र स्थापित किए जाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों को सार्वजनिक स्थानों पर पानी की पर्याप्त व्यवस्था करने, जरूरतमंद लोगों के लिए राहत केंद्र उपलब्ध करवाने को कहा। पशुपालन विभाग को पशुओं के लिए पानी एवं छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने, कृषि विभाग को किसानों को हीट वेव से फसलों को होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक रहने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बिजली विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, खराब ट्रांसफार्मरों एवं बिजली लाइनों की तुरंत मरम्मत करने, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को प्रभावित न होने देने के निर्देश दिए। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की लगातार निगरानी करने, जल संकट वाले क्षेत्रों में विशेष प्रबंध करने, जन जागरूकता अभियान चलाने को कहा। साथ ही गांवों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों को हीट वेव से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को चक्कर आना, अत्यधिक कमजोरी, तेज बुखार, उल्टी या बेहोशी जैसी समस्या महसूस हो, तो वह तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। अधिकारी सभी विभागों के साथ निरंतर समन्वय स्थापित कर हीट वेव से संबंधित तैयारियों की नियमित मॉनिटरिंग करें।

## पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की बैठक में कर्मचारियों की मांगों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

सोनीपत में हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के कैंप कार्यालय करनाल मुख्यालय चरखी दादरी से संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच की जिला कमेटी की बैठक पब्लिक हेल्थ ब्रांच यूनियन कार्यालय, लघु सचिवालय के निकट जलघर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज ने की, जबकि संचालन प्रदेश प्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा ने किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कुलवंत शर्मा और प्रदेश चेयरमेन सत्यपाल वर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक के दौरान बी एंड आर ब्रांच प्रधान रहे स्व. सतीश कुमार रंगा के सड़क हादसे में निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रदेश अध्यक्ष कुलवंत शर्मा और प्रदेश चेयरमेन सत्यपाल वर्मा ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है। उन्होंने वर्ष 2020-2023 की एलटीसी समाप्त करने, कैशलेस मेडिकल सुविधा लागू नहीं करने, जॉब सुरक्षा पत्र जारी नहीं करने, सेवा नियमों की त्रुटियां दूर नहीं करने, प्रमोशन लंबित रखने, पुरानी पेंशन बहाल नहीं करने तथा ग्रामीण जलापूर्ति पंचायतों के अधीन करने जैसे मुद्दे उठाए। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर प्रदेश स्तर पर विशाल रैली कर मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा।



**सोनीपत।** बैठक में उपस्थित यूनियन के पदाधिकारी एवं कर्मचारी।

## ट्रांसफार्मर पर तार जोड़ते समय करंट लगने से युवक झुलसा, दो पर केस दर्ज

**गन्नौर।** खेत में लगे ट्रांसफार्मर पर तार जोड़ते समय करंट लगने से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। घायल अवस्था में उसे पहले गन्नौर के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे खानपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घायल युवक ने खेत ठेके पर लेकर काम कर रहे व्यक्ति और उसके साथी पर जबरदस्ती ट्रांसफार्मर पर चढ़ाकर तार जुड़वाने का आरोप लगाया है। थाना गन्नौर पुलिस को दी शिकायत में गन्नौर के प्रधानावास मोहल्ला निवासी विनोद ने बताया कि वह बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 स्थित प्लाट नंबर-16 में साफ-सफाई का काम करता है। 17 मई को उसके पास गांव गुमड़ निवासी पालेराम का फोन आया, जिसने उसे खेत में काम के लिए बुलाया। विनोद के अनुसार खेत में पहुंचने पर पालेराम और बलवान सैनी ने उसे ट्यूबवेल की तार ट्रांसफार्मर में जोड़ने के लिए कहा। मना करने पर दोनों ने उसे जबरदस्ती ट्रांसफार्मर पर चढ़ा दिया।

## दूसरा झटकाः ईंधन के दामों में 5वें दिन फिर बढ़ोतरी

# पेट्रोल शतक के करीब, डीजल भी 87 पैसे बढ़ा

- वाहन चालकों को एक सप्ताह के अंदर दूसरा झटका, 15 मई को पेट्रोल-डीजल के दामों में की गई थी 3-3 रुपये की बढ़ोतरी, अभी और बढ़ोतरी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के चलते पेट्रोल-डीजल के दामों में 5वें दिन दूसरी बार बढ़ोतरी कर लोगों को दोबारा झटका दिया गया है। पेट्रोल के दाम अब शतक के करीब पहुंचने वाले हैं। वहीं डीजल के दाम भी आसमान छूने लगे हैं। सोनीपत जिले में मंगलवार से पेट्रोल के दाम 87 पैसे, जबकि डीजल के दाम में 91 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। फिलहाल पेट्रोल-डीजल के दाम अभी और बढ़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। इससे पहले 6 मई को सीएनजी के दाम 80 पैसे बढ़कर 89 रुपये प्रति किलो पहुंच गए थे। एक सप्ताह के अंदर पेट्रोल-डीजल के दो बार दाम बढ़ने से वाहन चालकों की परेशानी बढ़ती जा रही है। बता दें कि जिले में इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम व रिलायंस के करीब 222 पेट्रोल पंपों का संचालन किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कमी व कीमतों में वृद्धि के कारण सभी पंपों पर लगातार दूसरी बार पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं। इससे पहले 15 मई को पेट्रोल-डीजल के दाम में पहली बार एक साथ 3-3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। इससे जहां ऑटो रिक्शा में चलने वाले लोगों का सफर महंगा हो गया है, वहीं खाद्य बाजार में भी संकट के बादल मंडरा सकते हैं। अब लोगों की नजर खाद्य सामग्री के भावों पर टिकी है। हालांकि विभिन्न ऑयल कंपनियों के फिलिंग स्टेशनों पर रोजाना अलग-अलग खपत तय है। फिलहाल ईंधन की किल्लत का कहीं मामला सामने नहीं आया है।



**सोनीपत।** ओल्ड डीसी रोड स्थित पंप पर पेट्रोल-डीजल भरवाते वाहन चालक।

### खाद्य पदार्थ व सब्जियों के दाम बढ़ने की संभावना

लोगों का कहना है कि तेल की कीमतों में इजाफा होने से अब माल ढुलाई के मालभाड़े में बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में सीधे तौर पर खाद्य सामग्री व सब्जियों के दाम बढ़ने की संभावना बनी हुई है। जिले में अधिकतर सब्जियां व खाद्य सामग्री दिल्ली से आपूर्ति हो रही हैं। यही कारण है कि तेल के दाम बढ़ने से ऑटो चालक जिले में सीधे तौर पर 50 प्रतिशत किराए में बढ़ोतरी कर चुके हैं। तेल के दाम बढ़ने से तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी हैं। आशंका जताई जा रही है कि महंगाई कभी भी लोगों को बड़ा झटका दे सकती है। लोगों की सरकार से मांग है कि पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में जल्द कटौती की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

### अब पेट्रोल 99.26 रुपये लीटर मिलेगा

| ईंधन | पहले दाम | नया दाम |
|---|---|---|
| पेट्रोल | 98.39 | 99.26 रुपये |
| डीजल | 90.84 | 91.75 रुपये |
| सीएनजी | 88.20 | 89.00 रुपये |

### पंपों पर रोजाना तेल खपत

- ▸▸ इंडियन ऑयल के पंपों पर 155 लीटर पेट्रोल, 384 लीटर डीजल
- ▸▸ हिंदुस्तान पेट्रोलियम के पंपों पर 1.10 लाख लीटर पेट्रोल, 2.41 लाख लीटर डीजल
- ▸▸ भारत पेट्रोलियम के पंपों पर 68500 लीटर पेट्रोल व 1.80 लाख लीटर डीजल
- ▸▸ रिलायंस के पंपों पर 25.16 लीटर पेट्रोल व 75.7 लीटर डीजल

### पंपों पर आपूर्ति पूर्ण

पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार दूसरी बार ऊपर से बढ़ोतरी की गई है। सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल के तय दाम मंगलवार से लागू कर दिए गए हैं। इस बार पेट्रोल में 87 व डीजल में 91 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। फिलहाल सीएनजी के दाम 80 पैसे बढ़कर स्थिर बने हुए हैं। फिलहाल सभी पंपों पर पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पूर्ण रूप से जारी है, कहीं कोई किल्लत का मामला सामने नहीं आया है। उपभोक्ताओं को जरूरत अनुसार तय रेट पर ईंधन मुहैया करवाया जा रहा है।
**-प्रविंदर खत्री,** प्रधान, पेट्रोल पंप एसोसिएशन, सोनीपत।

